1. निम्नलिखित में से किस वाक्य में 'संप्रदान कारक' के परसर्ग (विभक्ति चिंहन) का प्रयोग हुआ है ?
   (1) वह घर से बाहर आया ।
   (2) उस जगह एक सभा होने जा रही है ।
   (3) राम के हित लक्ष्मण वन गए थे ।
   (4) लड़का अब अपने पाँव से चलता है ।

2. 'जिसका आचरण अच्छा हो' - वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द होगा
   (1) सज्जन
   (2) सदाचारी
   (3) सद्भावी
   (4) साधु

3. 'ऐसा रोग जो छूने मात्र से फैलता हो' – के लिए सार्थक शब्द होगा :
   (1) चर्म रोग
   (2) घातक रोग
   (3) संक्रामक रोग
   (4) असाध्य रोग

4. 'ज्ञान प्राप्ति की इच्छा रखने वाला' – वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द है
   (1) संन्यासी
   (2) पिपासु
   (3) तपस्वी
   (4) जिज्ञासु

5. 'कही हुई बात को फिर-फिर कहना' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द है
   (1) पिष्टपेषण
   (2) वाचाल
   (3) पूर्वग्रह
   (4) तार्किक

6. किस वाक्य में 'मध्यमपुरुष' का प्रयोग नहीं हुआ है ?
   (1) यह बात आप ही कह दीजिए ।
   (2) इस विषय में आपकी क्या राय है ?
   (3) आपको यही उचित लगता है, तो ठीक है ।
   (4) हम अपने आपको भूल गए ।

7. 'हिमालय से अनेक नदियाँ निकलती हैं ।' इस वाक्य में किस कारक के परसर्ग का प्रयोग हुआ है ?
   (1) अधिकरण कारक
   (2) करण कारक
   (3) संबंध कारक
   (4) अपादान कारक

8. इनमें से किस विकल्प के सभी शब्द स्त्रीलिंग हैं ?
   (1) भलाई, हलवाई, ईसाई
   (2) साथी, घी, शक्कर
   (3) हाथी, बालू, आलू
   (4) इमली, चाँदी, लौकी

9. किस विकल्प में कोई भी शब्द स्त्रीलिंग नहीं है ?
   (1) नींबू, दही, केला
   (2) पानी, ज्ञानी, नानी
   (3) नदी, झील, सरोवर
   (4) प्रतिपदा, मंगलवार, टोपी

10. कौन सा शब्द सदैव एकवचन में प्रयुक्त होता है ?
   (1) बाल
   (2) होश
   (3) आकाश
   (4) आँसू

11. 'कर्तृवाच्य' से संबंधित वाक्य है
(1) यह बात उससे पता चली।
(2) किसान द्वारा फसल काट ली गई।
(3) चोर पकड़ा गया है।
(4) लड़का पढ़ रहा है।

12. किस विकल्प में 'समश्रुत भिन्नार्थक' शब्दों के अर्थ सुमेलित नहीं हैं ?
(1) जठर-जरठ = ज्येष्ठ/बड़ा - बूढ़ा
(2) तर्क-तक्र = बहस-छाछ
(3) पथ-पथ्य = मार्ग/रास्ता - बीमार को दिया जाने वाला हितकर भोजन आदि
(4) निर्माण-निर्वाण = रचना-मोक्ष

13. किस विकल्प में 'समश्रुत भिन्नार्थक' शब्दों के अर्थ सुमेलित हैं ?
(1) जलद-जलज = कमल-बादल
(2) अनिल-अनल = आग-हवा
(3) अश्व-अश्म = घोड़ा-खच्चर
(4) सर्वथा-सर्वदा = सब तरह से-सदैव/हमेशा

14. 'निश्चयार्थ वृत्ति' का प्रयोग किस वाक्य में हुआ है ?
(1) बच्चे ने पुस्तक पढ़ ली है।
(2) शायद वह आज आ जाए।
(3) हमें सदैव सच बोलना चाहिए।
(4) भगवान सबका भला करे।

15. 'आवृत्तिमूलक पक्ष' से संबंधित वाक्य है
(1) बालक पुस्तक पढ़ रहा है
(2) वह स्कूल जाता है।
(3) मोहन अध्यापक है।
(4) बच्ची सो चुकी है।

16. किस वाक्य में 'भाववाच्य' नहीं है ?
(1) वह प्रतिदिन स्कूल नहीं जाता है।
(2) कमज़ोरी के कारण लड़के से चला नहीं जाता।
(3) मुझसे सुबह जल्दी नहीं उठा जाता।
(4) छोटे बच्चों से सीढ़ियाँ नहीं चढ़ी जातीं।

17. कौन सा कथन सही नहीं है ?
(1) 'भाववाच्य' केवल अकर्मक क्रियाओं में ही होता है।
(2) 'कर्तृवाच्य' भी अकर्मक और सकर्मक दोनों क्रियाओं में होता है।
(3) प्रेरणार्थक क्रियाएँ सदैव सकर्मक ही होती हैं।
(4) 'कर्मवाच्य' अकर्मक और सकर्मक दोनों क्रियाओं में होता है।

18. कौन सा कथन गलत है ?
(1) वाक्य में प्रयुक्त क्रिया को 'उद्देश्य' और कर्ता को 'विधेय' कहते हैं।
(2) मिश्रवाक्य में मुख्य उपवाक्य एक ही रहता है, लेकिन आश्रित उपवाक्य एक से अधिक हो सकते हैं।
(3) रचना की दृष्टि से वाक्य के तीन प्रमुख भेद किये जाते हैं : 1. साधारण, 2. मिश्र और 3. संयुक्त वाक्य।
(4) साधारण वाक्य में एक उद्देश्य और एक विधेय होता है।

19. किस विकल्प में सभी शब्द शुद्ध हैं ?
(1) तंदुरुस्त, मद्देनजर, चरागाह
(2) मद्देनजर, चारागाह, तंदुरस्त
(3) मध्येनजर, चारागाह, तंदुरस्त
(4) चरागाह, तंदुरुस्त, मध्येनजर

20. इनमें विलोम-शब्द-युग्म नहीं है :

(1) स्वकीय-परकीय

(2) जड़-चेतन

(3) हर्ष-विषाद

(4) वैतनिक-सवैतनिक

21. किस विकल्प में सभी शब्द अशुद्ध हैं ?

(1) भवनिष्ठ, धातव्य

(2) ध्यातव्य, भवनिष्ठ

(3) भवनिष्ठ, ध्यातव्य

(4) धातव्य, भवनिष्ठ

22. इनमें वर्तनी की दृष्टि से कौन सा शब्द शुद्ध नहीं है ?

(1) वापस

(2) दृष्टा

(3) मत्स्य

(4) सृष्टि

23. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है :

(1) दम्पती

(2) व्यस्क

(3) बुद्धवार

(4) द्वितिय

24. इनमें विलोम-शब्द-युग्म नहीं है :

(1) मूक-वाचाल

(2) हार-परिहास

(3) स्थावर-जंगम

(4) व्यष्टि-समष्टि

25. निम्नलिखित में सरल/साधारण वाक्य है :

(1) मेरा भाई यहाँ आएगा या मैं ही उसके पास जाऊँगा ।

(2) दिन का थका हुआ आदमी रात को खूब सोता है ।

(3) जहाँ अभी रेगिस्तान है, वहाँ किसी समय जंगल था ।

(4) जो जितना मांगता, उसको उतना दिया जाता ।

26. संयुक्त वाक्य का उदाहरण है

(1) वह ऐसी बातें कहता है, जिनसे सबको बुरा लगता है ।

(2) वहाँ जो कुछ देखने योग्य था, मैंने सब देख लिया ।

(3) उन्होंने जो कुछ दिया, उसी से मुझे परम संतोष है ।

(4) मैं आगे बढ़ गया और वह पीछे रह गया ।

27. 'मैंने लड़के को पुस्तक पढ़ाई ।'
उक्त वाक्य में प्रयुक्त क्रिया का भेद है

(1) संयुक्त

(2) द्विकर्मक

(3) अकर्मक

(4) पूर्वकालिक

28. इनमें संयुक्त वाक्य कौन सा है ?

(1) जब बरसात थमी, तब हम लोग बाहर निकले ।

(2) लाखों लोग कोरोना से काल कवलित हो गए ।

(3) वह आगे बढ़ गया, लेकिन परिवार पीछे रह गया ।

(4) मैंने सुना है कि आप अच्छे कवि हैं ।

29. व्याकरण की दृष्टि से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) वाक्य के दो प्रमुख घटक माने गये हैं : 1. उद्देश्य और 2. विधेय

(2) किसी वाक्य में उद्देश्य के विषय में जो कुछ बताया जाता है, उसे विधेय कहते हैं ।

(3) सार्थक शब्द समूह को वाक्य कहते हैं ।

(4) किसी भी वाक्य में कर्ता और कर्म का होना आवश्यक होता है ।

30. व्याकरण की दृष्टि से गलत कथन है

(1) संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्दों को सर्वनाम कहते हैं ।

(2) सर्वनाम और क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्द क्रिया-विशेषण कहलाते हैं ।

(3) संज्ञा की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं ।

(4) क्रिया के प्रमुख रूप से दो भेद माने गये हैं : 1. सकर्मक और 2. अकर्मक

31. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य है :

(1) साहित्य और समाज का घनिष्ठ संबंध है ।

(2) वह सारी रातभर जागता रहा ।

(3) मेरी बात ध्यान के साथ सुनो ।

(4) एक लोटा पानी से भरा लाओ ।

32. कौन सा वाक्य अशुद्ध है ?

(1) वह बुरे आदमी नहीं है ।

(2) मुझे उसका काम अच्छा लगता है ।

(3) दाल में कुछ गिरा है ।

(4) मैंने स्वयं को कितनी बार समझाया ।

33. 'आदि-आदी' शब्द-युग्म का सही अर्थ है :

(1) आरंभ-अभ्यस्त

(2) अभ्यस्त-आरंभ

(3) आदिवासी-आरंभ

(4) आरंभ-आदिवासी

34. किस विकल्प में शुद्ध वाक्य है ?

(1) हरिश्चंद्र के समीप कोई सत्यवादी नहीं हुआ ।

(2) अश्वमेध का घोड़ा पकड़ा गया ।

(3) वह पुत्रवत् प्रजा का पालन करता था ।

(4) आपकी सौभाग्यवती कन्या का विवाह कब होगा ।

35. कौन सा वाक्य शुद्ध है ?

(1) बकरी को बारीक काटकर घास खिलाओ ।

(2) मुझे शिक्षाप्रद कहानियों की पुस्तक चाहिए ।

(3) यह बात जब मैं छोटा था, उस समय की है ।

(4) वह पुस्तक जो आलमारी में रखी है, वह बहुत अच्छी है ।

36. कौन सा वाक्य शुद्ध नहीं है ?

(1) देश के सभी लोग एकजुट हैं ।

(2) कहानी सुनकर हमें बहुत आनंद आया ।

(3) बेफालतू बात मत करो ।

(4) हमें शुद्ध भाषा का प्रयोग करना चाहिए ।

37. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य है :

(1) वे सब कालचक्र के पहिए के नीचे पिस गए ।

(2) यही वे कारण हैं, जिनके कारण वह परेशान हैं ।

(3) तेरी बात सुनते-सुनते कान पक गए ।

(4) हमारे देश में अनेक रमणीक स्थल हैं ।

38. 'गागर में सागर भरना' का भावार्थ है :

(1) समुद्र से छोटे बर्तन में पानी लाना ।

(2) छोटे बर्तन में बहुत अधिक पानी भरना ।

(3) असंभव कार्य करना ।

(4) बहुत कम शब्दों में महत्वपूर्ण बात कहना ।

39. निम्नलिखित में गलत कथन है :

(1) जिन वाक्यों में प्रश्नवाचक शब्दों का अर्थ संबंधवाचक शब्दों जैसा होता है, उनके अंत में प्रश्नवाचक चिह्न लगाया जाता है ।

(2) अल्पविराम से अधिक और पूर्ण विराम से कम समय तक ठहरने के लिए अर्द्धविराम का प्रयोग किया जाता है ।

(3) वाक्य के अंत में प्रश्नसूचक या विस्मयसूचक चिह्न आने पर पूर्ण विराम नहीं लगाया जाता है ।

(4) विषय विभाजन में क्रमसूचक अंकों या अक्षरों के साथ कोष्ठक का प्रयोग किया जाता है ।

40. 'माँ ने बच्चों के झगड़े को ...... पड़ोसियों में सिर फुटौवल करवा दी ।'
उक्त वाक्य के रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त मुहावरा होगा –

(1) मीन-मेख निकालकर

(2) तिल का ताड़ बनाकर

(3) पानी में आग लगाकर

(4) घाव पर नमक छिड़ककर

41. 'सिर मुँड़ाते ही ओले पड़ना' मुहावरे का उपयुक्त भावार्थ है

(1) अचानक बड़ी विपदा का आ जाना ।

(2) उत्सव के माहौल का ग़म में बदल जाना ।

(3) आगे होकर परेशानी मोल लेना ।

(4) कार्यारंभ होते ही विघ्न पड़ना ।

42. किस मुहावरे का भावार्थ सही नहीं है ?

(1) सूरज पर थूकना = किसी निर्दोष पर लांछन लगाना

(2) थूककर चाटना = कहकर मुकर जाना

(3) घड़ों पानी पड़ना = बहुत वर्षा होना

(4) नाक भौं सिकोड़ना = अरुचि और अप्रसन्नता प्रकट करना

43. 'कमजोर द्वारा शक्ति प्रदर्शन करना / नष्ट होने के करीब पहुँचना' भावार्थ से संबंधित लोकोक्ति/मुहावरा है

(1) अधजल गगरी छलकत जाए

(2) मेरी बिल्ली मुझसे ही म्याऊँ

(3) अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना

(4) चींटी के पर निकलना

44. "अत्यधिक परिश्रम से आरंभ किए व्यापार में बहुत कम लाभ होने पर, हताश उद्यमी ने कहा .... ।"
उक्त वाक्य के रिक्त स्थान में प्रयुक्त लोकोक्ति है

(1) खोदा पहाड़ निकली चुहिया

(2) अब पछताए होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत

(3) ओखली में सिर दिया तो मूसलों से क्या डर

(4) बैठे से बेगार भली

45. 'एक तो करेला दूजे नीम चढ़ा' लोकोक्ति का उपयुक्त भावार्थ है

(1) चालाक का अधिक चालाक से सामना होना ।

(2) कुसंग से बुरे का अधिक बुरा हो जाना ।

(3) गुणी व्यक्ति ही गुणवान को पहचानता है ।

(4) सज्जन द्वारा कपट व्यवहार करना ।

46. किस विकल्प में हिंदी पारिभाषिक शब्द का सही प्रयोग नहीं हुआ है ?
(1) Apparent = प्रकट
(2) Legal Protection = विधिक संरक्षण
(3) Assume = ग्रहण करना
(4) Attorney General = महाधिवक्ता

47. किस विकल्प में लोकोक्ति का भावार्थ असंगत है ?
(1) नेकी कर दरिया में डाल = भला करके भूल जाना
(2) साँच को आँच नहीं = सच्चा व्यक्ति डरता नहीं
(3) चोर की दाढ़ी में तिनका = अपराधी का निश्शंक होना
(4) हाथ कंगन को आरसी क्या = प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता नहीं

48. 'आग बबूला होना' का भावार्थ है
(1) लू के बगूले उठना
(2) भयंकर आग लगना
(3) बबूल के पेड़ में आग लगना
(4) अत्यंत क्रोध करना

49. 'अपने पैरों पर खड़े होना' का भावार्थ है
(1) आत्मनिर्भर होना
(2) बिना किसी छड़ी आदि के अपने आप आगे बढ़ना
(3) सावधानीपूर्वक चलना
(4) छोटे बच्चों का चलना सीखना

50. किस विकल्प में हिंदी पारिभाषिक शब्द का सही प्रयोग हुआ है ?
(1) Judicious = विधिसम्मत
(2) Accountability = लेखा संबंधी
(3) Appeasement = तुष्टीकरण
(4) Arbitrary = उचित

51. किस विकल्प में सुसंगत पारिभाषिक शब्द नहीं है ?
(1) Retrospective = भूतलक्षी
(2) Act = अधिनियम
(3) Transport = आयात-निर्यात
(4) Legible = सुवाच्य

52. किस विकल्प में गलत पारिभाषिक शब्द है ?
(1) Apprentice = प्रशिक्षण
(2) Reimbursement = प्रतिपूर्ति
(3) Juvenile Court = किशोर न्यायालय
(4) Indemnity = क्षतिपूर्ति

53. Gross Misconduct के लिए समकक्ष हिन्दी पारिभाषिक शब्द होगा :
(1) घोर कदाचार
(2) घोर अशिष्टता
(3) सकल दुर्व्यवहार
(4) भारी अपचारिता

54. Jurisdiction के लिए समकक्ष हिन्दी पारिभाषिक शब्द होगा :
(1) विशिष्ट क्षेत्र
(2) क्षेत्राधिकार
(3) कार्यक्षेत्र
(4) विशेषाधिकार

55. Approach शब्द का असंगत पारिभाषिक शब्द है :
(1) उपमार्ग
(2) सिफ़ारिश
(3) पहुँच
(4) दृष्टिकोण

56. Authority शब्द का सुसंगत पारिभाषिक शब्द नहीं है :
(1) अधिकारी विद्वान्
(2) प्राधिकरण
(3) प्राधिकार
(4) लेखकीय अधिकार

57. इनमें से कौन सा संधि-शब्द सही नहीं है ?
(1) तथा + एव = तथैव
(2) मन: + ताप = मनस्ताप
(3) रवि + इन्द्र = रविन्द्र
(4) नि: + रोग = नीरोग

58. इनमें से कौन सा संधि-शब्द गलत है ?
(1) चित् + मय = चिन्मय
(2) सत् + मार्ग = सद्मार्ग
(3) सत् + जन = सजन
(4) सत् + गति = सद्गति

59. निम्नलिखित में से किस शब्द की संधि सही है ?
(1) गति + अवरोध = गत्यावरोध
(2) राम + ईश = रमेश
(3) स्त्री + उचित = स्त्रीयोचित
(4) शीत + ऋतु = शीतर्तु

60. किस शब्द की संधि सही नहीं है ?
(1) षट् + आनन = षडानन
(2) सत् + चरित्र = सच्चरित्र
(3) तत् + उपरांत = तदोपरांत
(4) वाक् + ईश = वागीश

61. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द संधि रहित है ?
(1) परिणाम
(2) फलस्वरूप
(3) अनुच्छेद
(4) तल्लीन

62. किस शब्द का संधि-विच्छेद सही नहीं है ?
(1) आद्योपांत = आदि + उपांत
(2) अनुष्ठान = अनु + स्थान
(3) सच्छास्त्र = सत् + शास्त्र
(4) परिणत = परि + नत

63. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द उपसर्ग रहित है ?
(1) आकार
(2) आरोह
(3) आसन
(4) आनंद

64. किस शब्द में उपसर्ग और प्रत्यय दोनों प्रयुक्त हुए हैं ?
(1) सुंदरता
(2) अधुनातन
(3) आलंकारिक
(4) अधिकारी

65. द्वंद्व समास का उदाहरण है
(1) शीतोष्ण
(2) गौशाला
(3) प्रत्यक्ष
(4) मनचाहा

66. किस विकल्प में कर्मधारय समास नहीं है ?
(1) देहलता
(2) लघुकथा
(3) नीलगाय
(4) आपबीती

67. इनमें से किस विकल्प में तत्पुरुष समास है ?
(1) कामकाज
(2) तुलसीकृत
(3) आमरण
(4) मंदबुद्धि

68. किस विकल्प में द्वंद्व समास नहीं है ?
(1) मातापिता
(2) चालचलन
(3) परमपिता
(4) हानिलाभ

69. निम्नलिखित में तत्सम शब्द नहीं है :

(1) आदर

(2) बिंदु

(3) दुर्बल

(4) त्योहार

70. किस विकल्प में सभी शब्द तत्सम हैं ?

(1) धैर्य, परख, प्रगट

(2) दंड, शिर, शाक

(3) विवाह, कहानी, नाच

(4) आग, पत्र, दही

71. इनमें से किस शब्द में कोई उपसर्ग नहीं है ?

(1) बेलदार

(2) बेगुनाह

(3) बेकार

(4) बेखबर

72. इनमें से किस शब्द में 'ईन' प्रत्यय नहीं है ?

(1) रंगीन

(2) शौकीन

(3) नमकीन

(4) ग़मगीन

73. किस शब्द में 'ल' प्रत्यय नहीं है ?

(1) अतल

(2) श्यामल

(3) मंजुल

(4) मांसल

74. किस शब्द में 'गार' प्रत्यय का प्रयोग नहीं हुआ है ?

(1) यादगार

(2) रोजगार

(3) स्नानागार

(4) मददगार

75. किस विकल्प में कोई भी शब्द विदेशी मूल का नहीं है ?

(1) अकेला, साहस

(2) चेहरा, मौसम

(3) दोस्त, खुशी

(4) देहात, आसान

76. किस विकल्प के सभी शब्द तद्भव हैं ?

(1) गात, गाहक, गणपति

(2) छकड़ा, काजल, खेत

(3) सहज, संजोग, समंदर

(4) चाँद, झरना, झुण्ड

77. किस विकल्प में तत्सम और तद्भव दोनों प्रकार के शब्द समाहित हैं ?

(1) आँवला, अमावस, कबूतर

(2) गाँव, बाघ, बिंच्छू

(3) आँक, काक, आम

(4) आसरा, पकवान, दही

78. निम्नलिखित में देशज शब्द है :

(1) टोटका

(2) किवाड़

(3) ओखली

(4) टेंटुवा

79. किस वाक्य में विदेशी मूल के शब्द नहीं हैं ?

(1) उसने मुझे आवाज दी ।

(2) वह सदैव सच बोलता है ।

(3) इस प्रश्न का उत्तर मुझे मालूम है ।

(4) कार-बस की टक्कर में अनेक लोग घायल हो गए ।

80. किस वाक्य में क्रिया सकर्मक रूप में प्रयुक्त हुई है ?

(1) बच्चा बहुत देर से रो रहा है ।

(2) वह पतंग उड़ा रहा है ।

(3) वह अभी तक सो रहा है ।

(4) धावक मैदान में दौड़ रहा है ।

81. किस विकल्प में सभी संज्ञा शब्द क्रिया शब्दों से निर्मित हैं ?

(1) शिक्षा, अच्छाई

(2) पूजा, जवानी

(3) भूल, हँसी

(4) मिठास, चुनाव

82. इनमें विशेषण से बनी भाववाचक संज्ञा नहीं है :

(1) सुन्दरता

(2) ममता

(3) प्राथमिकता

(4) समता

83. इनमें क्रिया से बनी भाववाचक संज्ञा नहीं है :

(1) दौड़

(2) खटाई

(3) पढ़ाई

(4) उतराई

84. गुणवाचक विशेषण से संबंधित वाक्य कौन सा है ?

(1) यह पुस्तक मेरी है ।

(2) समारोह में अनेक लोग उपस्थित थे ।

(3) बालक पहली कक्षा में पढ़ता है ।

(4) हमें कपटी व्यक्ति से दूर रहना चाहिए ।

85. किस वाक्य में निपात का प्रयोग नहीं हुआ है ?

(1) मैं भी उसके साथ जाऊँगा ।

(2) वह तो आज जाएगा ।

(3) वह कल ही चला जाएगा ।

(4) मुझे एक गिलास दूध चाहिए ।

86. किस वाक्य में क्रिया अकर्मक रूप में प्रयुक्त हुई है ?

(1) बच्चों ने बहुत सुंदर चित्र बनाए ।

(2) मदारी भालू को नचाता है ।

(3) वह बिना बात ही हँस रही है ।

(4) माँ पुत्र को समझाती है ।

87. क्रिया-विशेषण रहित वाक्य है

(1) वह अपनी कक्षा का सबसे होशियार विद्यार्थी है ।

(2) वे अचानक चले गए ।

(3) मेरी बात ध्यानपूर्वक सुनो ।

(4) सुबह से वर्षा लगातार हो रही है ।

88. किस वाक्य में संबंधसूचक अव्यय का प्रयोग हुआ है ?

(1) वह बहुत देर से ज्यों का त्यों खड़ा है ।

(2) मैं वहाँ कदापि नहीं जाऊँगा ।

(3) अपराधी ने पुलिस के सामने झूठ बोला ।

(4) मेरा गाँव पास में ही है ।

89. विस्मयादिबोधक शब्दों के संबंध में कौन सा कथन सही है ?

(1) ये केवल शोक और घृणा का भाव प्रकट करते हैं ।

(2) ये प्राय: वाक्य के प्रारंभ में आते हैं ।

(3) इनमें वचन के अनुसार विकार होता है ।

(4) ये वाक्य-रचना के अनिवार्य घटक हैं ।

90. किस विकल्प में परस्पर पर्यायवाची शब्द नहीं हैं ?

(1) कपोत, पिक

(2) ऊँट, करभ

(3) इच्छा, अभीप्सा

(4) रात, यामिनी

91. किस वाक्य में 'निपात' का प्रयोग हुआ है ?

(1) मुझे आने तो दो ।

(2) मैं कल आ सकता हूँ ।

(3) वह पटना गया था ।

(4) संभवत: वह आएगा ।

92. किस विकल्प में सभी विशेषण शब्द संज्ञा शब्दों से रचित हैं ?

(1) भीतरी, आपसी

(2) वार्षिक, निचला

(3) शिक्षित, कमाऊ

(4) पीड़ित, दयनीय

93. निम्नलिखित में 'नदी' का पर्यायवाची नहीं है :

(1) आपगा

(2) तटिनी

(3) सरसी

(4) पयस्विनी

94. किस विकल्प में सभी शब्द 'पेड़' के पर्यायवाची हैं ?

(1) रसाल, पादप

(2) विटप, द्रुम

(3) वृक्ष, अरण्य

(4) पुहुप, तरु

95. किन समश्रुत शब्दों का अर्थ भेद सही नहीं है ?

(1) स्रोत-श्रोत = धारा-कान

(2) द्रव-द्रव्य = तरल-पदार्थ

(3) हरण - हरिण = चुराना-मृग

(4) चिर-चीर = वस्त्र-दीर्घकाल

96. 'परिच्छद-परिच्छेद' शब्दों का सही अर्थ भेद है

(1) काटना - साज-सामान

(2) अनुभाग - आवरण

(3) आवरण - अनुभाग

(4) सीमा - नौकर-चाकर

97. किस विकल्प के शब्द परस्पर विलोम नहीं हैं ?

(1) सापेक्ष - निरपेक्ष

(2) श्लाघनीय - प्रशंसनीय

(3) साम्य - वैषम्य

(4) ऋत - अनृत

98. किस विकल्प में विलोम-शब्द-युग्म नहीं है ?

(1) सघन - विरल

(2) सम्मुख - विमुख

(3) ऋजु - वक्र

(4) संग्रह - परिग्रह

99. निम्नलिखित में विलोम युग्म है :

(1) विज्ञ-अभिज्ञ

(2) सुकर-दुष्कर

(3) सामिष-आमिष

(4) मूढ़-विमूढ़

100. किस विकल्प में समश्रुत-भिन्नार्थक शब्दों का अर्थ भेद सही नहीं है ?

(1) शोथ-शोध = सूजन-शुद्धि संस्कार

(2) ऋत-ऋतु = सही/सच्चा - मौसम/वर्ष का एक भाग

(3) वृंत-वृंद = समूह-डंठल

(4) वसन-व्यसन = कपड़ा-बुरी लत